# राष्ट्रीय सेवा भारती

www.rashtriyasewabharati.org | वर्ष 2023, शुक्ल पक्ष (श्रावण) विक्रम संवत - 2080, जुलाई | ई बुलेटिन : मासिक पत्रिका





## आपदा राहत कार्य

### हिमाचल प्रान्त

- 600 से अधिक परिवारों को राहत सामग्री पहुचाई
- 500 लोगो को एक सप्ताह भोजन व्यवस्था दी गई
- जगह -जगह स्वास्थ्य कैंप लगाये गए, प्रत्येक कैंप में 100 से अधिक संख्या रही
- 1000 से अधिक किट, भोजन किट, प्रेशर कुक्कर, तरपाल, 2000 चादर एवं कम्बल बाटें गए
- मंडी में 3 बेस कैंप बनये गए
- आपदा राहत कार्य में सेवा भारती हिमाचल की 26 इकाईयां सक्रीय है

### दिल्ली प्रान्त

- बाढ़ प्रभावित स्थानों पर 142 स्वास्थ्य कैंप 285 चिकित्सकों के सहयोग से लगाये गए
- अनुमानित 8570 परिवार प्रभावित हुए, जिसमे 3392 परिवारों का सर्वेक्षण किया, 5848 परिवारों तक सहयोग पहुचाया गया
- 9437 लाभार्थी - महिलाएं 3768 , पुरुष -3238 और बच्चो की संख्या 2701 रही
- रोजमर्रा की आवश्यक सामग्री वितरण की गयी
- राशन वितरण किया गया



- डॉ मोहनराव भागवत
परम पूजनीय सरसंघचालक
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

आजादी के बाद से दुनियाभर में मिशनरी समाज के लोग होस्पिटल और स्कूलों में सेवा का काम कर रहे हैं। जब हमने घूम कर देखा तो पता चला कि जो काम मिशनरी समाज के लोग कर रहे हैं, उनसे अच्छा काम तो संत समाज के लोग कर रहे हैं। सेवा काम हम सब को करना चाहिए। सेवा कार्य करने से सत्य के प्रत्यक्ष की अनुभूति होती है। सेवा के कार्यों में हमें किसी भी समाज को हमसे अलग नहीं समझना चाहिए। सबको अपना मानते हुए निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए। सेवा से आनन्द की अनुभूति होती है। सेवा के कार्यों से अहंकार का भाव अपने मन में नहीं आना चाहिए। हमें सबको समान और अपना मानते हुए सेवा करते हुए समाज को आगे बढाना है और कमजोर लोगों को ताकत देनी है।



राहत सामग्री वितरण, हिमाचल





स्वास्थ्य कैंप, कुल्लू



भोजन वितरण, दिल्ली

## सेवा कार्यवृत्त

❝ नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय -झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर के 903 जिलों में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा **43045** सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं। ❞



# न्यास बैठक - हरिद्वार

दिनांक 29 30 जून को राष्ट्रीय सेवा भारती की न्यास मंडल बैठक हरिद्वार में संपन्न हुई बैठक में पिछले वर्ष के कार्यों की समीक्षा एवं इस वर्ष की आगामी कार्य योजना बनाई गई इस वर्ष सभी विषयों के प्रशिक्षण होना तय किए हैं इस वर्ष होने वाले आगामी प्रशिक्षणों की जानकारी  निम्नलिखित है:

| क्र. | विषय | दिनांक | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | आपदा प्रबंधन | 26 - 27 अगस्त | भुवनेश्वर |
| 2 | प्रशिक्षण प्रमुखों का वर्ग | 9-10 सितम्बर | बैंगलोर |
| 3 | आपदा प्रबंधन | 23-24 सितम्बर | गाजियाबाद |
| 4 | किशोरी विकास | 28-29 अक्टूबर | भाग्यनगर |
| 5 | सुपोषित भारत | 18-19 नवम्बर | जलगाँव (महाराष्ट्र ) |






न्यास बैठक :- हरिद्वार

# सेवा दिशा प्रशिक्षण वर्ग

राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा प्रत्येक पांच वर्षों में समस्त सेवा कार्यों का संकलन कर सेवा दिशा पुस्तिका के माध्यम से प्रकाशित किया जाता है, सेवा दिशा का अगला अंक वर्ष 2024 में प्रकाशित होना है। सेवा कार्यों का संकलन की योजना प्रकल्प दर्शन के माध्यम से बनाई गई है जिसमें देशभर के कार्यकर्ता सेवा केदो पर जाकर उनका मोबाइल ऐप से अवलोकन करेंगे मोबाइल ऐप के प्रशिक्षण हेतु क्षेत्र से प्रशिक्षण योजना बनाई गई है।



सेवा दिशा प्रशिक्षण वर्ग :- गुवाहाटी - असम क्षेत्र



सेवा दिशा प्रशिक्षण वर्ग :- अयोध्या - पूर्वी उत्तर प्रदेश  क्षेत्र

## उत्तर असम प्रान्त

उत्तर गुवाहाटी में योग शिक्षा के अंतर्गत 1 महीने का DYEd पाठ्यक्रम दिनांक 1 से 30 जुलाई 2023 तक आयोजित किया गया। योगनिलयम में 40 छात्रों ने भाग लिया।






## तेलंगना प्रान्त

एसबीआई हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय ने 26 जुलाई 2023 को अपने प्रशिक्षण केंद्र सिकंदराबाद में आयोजित एक समारोह में सेवा भारती को 20 कंप्यूटर सिस्टम दान किए। बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम के हिस्से के रूप में सेवा भारती द्वारा एस/डब्ल्यू प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए सिस्टम का उपयोग किया जाएगा।

## उत्तर असम प्रान्त

गोलाघाट जिले में आरोग्य मित्रों के लिए 7 दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 18 से 25 जुलाई 2023 तक आयोजित किया गया। इस में 25 लोगों ने भाग लिया।






## मालवा प्रान्त

सेवा भारती इंदौर महानगर का दो दिवसीय कार्यकर्ता दक्षता प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में मालवा प्रांत सेवा प्रमुख श्री योगेशजी शर्मा द्वारा प्रशिक्षण का महत्व विषय पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संपन्न सत्र में मालवा प्रांत संगठन मंत्री श्री रूप सिंह जी नागर द्वारा सेवा कार्य क्यों और कैसे इन विषयों पर पाठ्य प्राप्त हुआ। वर्ग में कुल 102 कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



**झारखण्ड प्रान्त :-** प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम



**उत्तर असम प्रान्त :-** योग शिक्षा डिप्लोमा कोर्स



**मेरठ प्रान्त :-** संस्कार केंद्र का शुभारम्भ

## मालवा प्रान्त




वनवासी बंधुओं के द्वार तक जाकर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना और सामाजिक समरसता की अलख जगाने के उद्देश्य से **सेवा भारती झाबुआ एवं नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन** मालवा प्रांत के द्वारा **300 डॉक्टरों** की टीम ने झाबुआ जिले के मेघनगर एव थांदला तहसील के **120 गांवों** में जाकर लोगों को **निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं** प्रदान की। इस कार्यक्रम का नाम **"टंट्या भील स्वास्थ्य सेवा यात्रा"** रखा गया। प्रयाग राज वाराणसी, अलीगढ़, दाहोद, भोपाल, इंदौर, रतलाम, दतिया, रीवा आदि स्थानों के डॉक्टरों ने दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में जनजाति गांवों में ही रुक कर स्वास्थ्य कैम्प लगाए। इस कार्यक्रम से **15,284 लोग** लाभान्वित हुए। कैंप में दवाइयां भी वितरित की गई। समापन कार्यक्रम मेघनगर में संपन्न हुआ जिसमें NMO के सदस्यों ने गाँवों में रुकने के अनुभव भी साझा किए।

## झारखण्ड प्रान्त

सेवा भारती रांची, की ओर से दिनांक 17 - 7 - 2023, सोमवार को गिजों ठाकुरगांव के इंग्लिश मीडियम स्कूल में **स्वास्थ्य शिविर सेवा** का आयोजन किया गया। इसमें शोषित वंचित मजदूर ग्रामीण किसान महिलाओं एवं बच्चों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा निशुल्क दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में **100 मरीजों** ने लाभ उठाया साथ ही विद्यालय के सभी बच्चों को जांच करके जरूरी दवा दी गई।






## चित्तौड़ प्रान्त

सेवा भारती किशनगढ़, अजमेर के तत्वाधान में आयुर्वेदिक एवं फिजियोथेरेपी शिविर समपन्न हुआ। इस शिविर का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा भगवान धन्वन्तरि के सम्मुख दीप प्रज्वल्लित करके किया गया। शिविर में जोड़ों के दर्द गठिया बाई, मधुमेह, बीपी, अस्थमा के साथ साथ मौसमी बीमारी की दवा 15 दिन के लिए निशुल्क दी गयी। इस शिविर से **130 रोगी लाभान्वित** हुए।



**मालवा प्रान्त :-** स्वास्थ्य प्रशिक्षण कैंप



**दिल्ली प्रान्त :-** बाढ़ आपदा राहत शिविर



**दक्षिण बंग प्रान्त :-** रक्तदान शिविर

## पंजाब प्रान्त




सेवा भारती पंजाब, पठानकोट विभाग का दिनांक 30 जुलाई 2023 को एक दिन का कार्यकर्ता अभ्यासवर्ग मुकेरियाँ में संपन्न हुआ। सभी 6 इकाईयों के 70 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सबसे पहले पौधारोपण किया गया और उसके बाद उच्चपदाधिकारियो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और उनको सामाजिक कार्यों में ख़ासतौर पर वंचित और शोषित बर्ग के उत्थान के लिए काम करने हेतु प्रेरित किया।




## मालवा प्रान्त

रतलाम सेवा भारती के कालिका माता संस्कार केंद्र पर गुरुपूर्णिमा के अवसर पर बच्चों द्वारा गुरु पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। इनमें से 12 बच्चों का एडमिशन स्कूल में कराया गया एवं 8 के आधार कार्ड बनवाए गए। बाकी बच्चों के से आधार कार्ड बनवाने का प्रयास किए जा रहे हैं।

## बृज प्रान्त



सेवा भारती मातृ मंडल शाहजहाँपुर, ने सोमवार को **गुरु पूर्णिमा** के अवसर समाज सेवा में लगे शिक्षकों का सम्मान किया। जिला जेल में फैशन डिजाइनिंग का कोर्स करने वाली शिक्षिका नलिनी उमर, रेती में सिलाई केंद्र चलाने वाली शिक्षिका सुनीता दीक्षित और अब्दुल्ला गंज में बाल संस्कार केंद्र चलाने वाली शिक्षिका शांति देवी को अंगवस्त्र और तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया।



**झारखण्ड प्रान्त :-**
स्वावलंबन केन्द्र का वनविहार कार्यक्रम



**उत्तर असम प्रान्त :-** आरोग्य मित्र प्रशिक्षण वर्ग



**हरियाणा प्रान्त :-** सेवा भरती सिरसा द्वारा झोरड़नाली में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ

## झारखण्ड प्रान्त

सेवा भारती, हजारीबाग के स्वावलंबन आयाम द्वारा ग्राम बहेरी में संचालित Bright Future Computer Academy की छात्रा सुश्री इंदु कुमारी का चयन B.S.F. में Constable पद के लिए हुआ है।

सेवा भारती, हजारीबाग द्वारा दिनांक 2-7-2023 दिन रविवार को ग्राम बहेरी के पंचायत भवन में छात्रा इंदु कुमारी को समाज के गणमान्य व्यक्तियों के बीच दैनिक समाचारपत्र हिन्दुस्तान के ब्यूरो चीफ श्री डॉ॰ प्रसन्ना कुमार मिश्रा जी की गरिमामय उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन सेवा भारती, हजारीबाग के जिला अध्यक्ष श्री शांति लाल अग्रवाल जी ने किया।






## उत्तर असम प्रान्त

दक्षिण कामरूप में खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण दिनांक 23 और 24 जुलाई 2023 को आयोजित किया गया जिसमें 15 महिला प्रतिभागी रहीं।

## हरियाणा प्रान्त

स्वदेशी जागरण मंच हिसार द्वारा सेवा भारती हिसार के पाँच सिलाई केन्द्रों और एक विद्यालय में 'मेहंदी सीखे' कार्यशाला का आयोजन किया गया। 15 जुलाई से लागतार 15 दिन तक प्रतिदिन 2 घंटे मेहंदी लगाना सिखाया गया। न्यू मॉडल टाउन extn, भारत माता मंदिर, ऋषि नगर, दीप नगर ,सैनीयान मोहल्ला व पटेल नगर में आयोजित कार्यशाला में कुल 98 महिला, युवती व लडकियां ने भाग लिया।





**कर्णाटक दक्षिण प्रान्त :-** किशोरी विकास कार्य वर्ग



**चितौड प्रान्त :-** प्रकल्प शिक्षकों का प्रशिक्षण वर्ग



**छत्तीसगढ़ प्रान्त :-** स्वावलंबन प्रशिक्षण शिविर

# आरोग्य प्रशिक्षण से समर्थ किशोरी
## 'नर्सिंग सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, भाग्यनगर, तेलंगाना

सेवा भारती-तेलंगाना की स्थापना 1989 में हुई थी। किशोरी विकास केंद्रों, जो मुख्य रूप से बालिका शिक्षा, कौशल विकास केंद्र, कंप्यूटर कढ़ाई कार्य, सिलाई/सिलाई पर केंद्रित है, जैसी चल रही सफल परियोजनाओं को बनाए रखते हुए बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए संगठन ने कई पहलों की कल्पना की है। जिसने बेरोजगार युवाओं के लिए गरिमापूर्ण नौकरियां, SAP FICO, Python आदि जैसे सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण और सेना, पुलिस और सुरक्षा उम्मीदवारों के लिए योग्यता (तर्क, अंकगणित, अंग्रेजी) कोचिंग के साथ-साथ शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान करने की नई दिशा की पहल को सक्षम बनाया है। नई दिशा कार्यक्रम में कुल 401 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया और इनमें से **200 लड़कियां हैं और 60 लड़कियों** को पहले से ही रक्षा या पुलिस सेवाओं में रखा गया है। सेवा भारती यह सुनिश्चित करने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण करती है कि महिलाएं को स्वावलम्बी आत्मनिर्भर जीवन सुलभा हो सके।

प्राचीन भारत में, नर्सिंग को एक धार्मिक और आध्यात्मिक सेवा कार्य के रूप में देखा जाता था। हमारे हिंदू ग्रंथों में चिकित्सक का गोरवमई उल्लेख किया गया है। प्राचीन भारतीय चिकित्सक, जिन्हें "वैद्य" के रूप में जाना जाता है, बीमारियों और घावों को ठीक करने के लिए घरेलू दवाओं और पारंपरिक प्रथाओं पर निर्भर थे। एक लंबा और समृद्ध इतिहास होने के बावजूद, भारत में नर्सिंग अभी भी विकसित हो रही है और समाज की बदलती आवश्यकताओं के अनुकूल हो रही है, पूरे देश में उच्च गुणवत्ता, उचित देखभाल द्वारा लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बना रही है।

प्रति 1,000 जनसंख्या पर 1.7 नर्सों के साथ, भारत विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रति 1,000 जनसंख्या पर 3 नर्सों की अनुशंसित दर से कम है, और देश को WHO के मानदंडों को पूरा करने के लिए 2024 तक 4.3 मिलियन और नर्सों की आवश्यकता है। इस योजना के रूप में अधिक उम्र वाले और चिकित्सकीय रूप से कमजोर लोगों की बढ़ती जरूरतों का आकलन, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की पहुंच, इसके बाद वंचित पृष्ठभूमि से वयस्क लड़कियों की उपस्थिति, जो आगे की शिक्षा का खर्च नहीं उठा सकती हैं, इन सबकी आवश्यकता को ध्यान में रख कर सेवा भारती ने स्वाभिमान भारत, आयुष्मान भारत पर जोर देने के लिए एक और पहल की है। और आत्मानिर्भर भारत का अनिवार्य रूप से अर्थ स्वदेशी सफलता है। इससे न केवल रोगी देखभाल की आवश्यकता पूरी होगी बल्कि युवा लड़कियों को और अधिक आत्मनिर्भर होने में भी मदद मिलेगी।

'नर्सिंग केयर' की भारी मांग को महसूस करते हुए हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउंसिल, स्किल इंडिया, कौशल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की संबद्धता और मान्यता के तहत 2 जनवरी 2022 को 'जनरल ड्यूटी असिस्टेंट' (जीडीए) कार्यक्रम शुरू किया। माननिया दत्तात्रेय होसबाले जी, सरकार्यवाह, आरएसएस एवं श्री. रवेंद्र राव जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की शुभ उपस्थिति में इस प्रकल्प का शुभारम्भ हुआ।

जीडीए(General Duty Assistant) को 'नर्सिंग सहायक' भी कहा जाता है, जो मुख्य रूप से रोगी देखभाल प्रदान करने में मदद करेगा, सहानुभूतिपूर्ण और भावनात्मक देखभाल की सुविधा प्रदान करेगा और रोगी की स्वस्थ्य होने की प्रक्रिया में सहायता करने के लिए या तो उनके घर पर या अस्पताल में उपयुक्त वातावरण बनाए रखेगा जो रोगी के लिए बहुत लाभकारी होगा।

**"मैं सेवा भारती की शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने हमें इतनी अच्छी गुणवत्ता वाली कुशल कार्मिक दी है"**
**-श्रीमती शारदा लिंगराजू**
**प्रशासक स्पर्श धर्मशाला, हैदराबाद**

भावनात्मक रूप से विकलांग, आर्थिक रूप से गरीब और सामाजिक रूप से अलग-थलग रहने वाली गरीब और वंचित महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करने और उनके जीवन को बदलने और उज्जवल भविष्य के निर्माण का अवसर प्रदान करने में मदद करने के लिए पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण और शहरी मलिन बस्तियों और कम आय वाले क्षेत्रों से आने वाली 18-35 वर्ष की इच्छुक युवा लड़कियों को बीमारी की रोकथाम, उपचार और प्रबंधन और शारीरिक और मानसिक कल्याण के संरक्षण में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में सांस्कृतिक और पारंपरिक पहलुओं, आत्म-निर्भर तकनीकों और आवश्यक कंप्यूटर, सॉफ्ट स्किल्स भी शामिल हैं।

इन गरीब महिलाओं में, कई छात्रा अनाथ भी हैं, घरेलू हिंसा से पीड़ित हैं, परिवार से उपेक्षित हाँ जिनको सामाजिक और पारिवारिक सुरक्षा नहीं है, दैनिक भोजन की लागत वहन करने में भी जो असमर्थ हैं या अपनी वित्तीय स्थिति के कारण अपनी शैक्षिक और कैरियर की प्रगति की तलाश करने में असमर्थ हैं एसी सभ महिलाओ के लिए यह एक आदर्श प्लेटफोर्म है। इस संस्थान में लगभग 64% छात्र अनुसूचित समुदायों से प्रतिनिधित्व करते हैं और लगभग 31% छात्र निर्धनता का सामना कर रहे परिवारों से हैं। लगभग 2% छात्र धार्मिक अल्पसंख्यक वर्ग से भी प्रतिनिधित्व करते हैं।

**"मैंने डॉक्टर बनने की सोची थी, लेकिन पारिवारिक समस्या और आर्थिक तंगी के कारण मैं ऐसा नहीं कर सका। सेवा भारती ने मुझे जीडीए कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित किया और मुझे इस तरह की सुविधा मुफ्त में दी। अब मैं वांछित उद्देश्य में अपना करियर बनाने और नर्सिंग पेशे में अपना करियर जारी रखने में सक्षम हूं" -**
**सुश्री स्वप्ना, डुंडीगल, मेधाचल जिला**

सीएसआर पहल के सहयोग से एक महीने का अस्पताल प्रशिक्षण (ओजेटी) सहित चार महीने का आवासीय / गैर-आवासीय व्यावसायिक प्रशिक्षण नि: शुल्क प्रदान किया जा रहा है। यहाँ लगभग 230 महिला छात्रों को प्रशिक्षित किया गया है और उनमें से 89% को विभिन्न मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पतालों और होमकेयर में सफलतापूर्वक नौकरी पर रखा गया है।

**---किशन शास्त्री, भाग्यनगर**

# सुपोषण जागरूकता अभियान - 01 से 30 सितम्बर 2023

“ राष्ट्रीय पोषण माह-सितंबर 2023 खाद्य अखाद्य एवं मात्रा का विचार भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। जब हम लोगों के कल्याण की कामना करते हुए मन्त्र बोलते हैं की **“सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः”** तो इसमें अच्छे स्वास्थ्यके लिए क्या खाना,कितना खाना और कब खाना यह उपलब्धसंसाधनों के उपयोग हेतु जागरण और अभ्यास का विषय है।अतः स्वस्थ माता-स्वस्थ बच्चे के विचार को केन्द्र में रखते हुए सेवा भारती की योजना से सम्पूर्ण भारत में **1 सितंबर से 30 सितंबर 2023** तक पोषण के महत्व के बारे में समाज में जागरूकता बढ़ाने हेतु; अपने हर प्रान्त में एक सप्ताह के लिए अभियान रहेगा। सुपोषण जनजागरण के लिए अपने प्रांत में सितंबर माह के कोई एक सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा सकते हैं। ”

- कर पत्रक वितरण
- स्टीकर लगाना
- नुक्कड़ नाटक
- कठपुतली शो
- बस्ती बैठक / ग्राम सभा
- संगोष्ठी, व्याख्यान और संभाषण
- पोस्टर , बैनर लगाना
- सोशल मीडिया और पत्र पत्रिकाओं के लिए लेख लिखना
- पोस्टर-स्पर्धा (Poster making competition)
- Short Film
- सोशल मीडिया कैम्पेनिंग
- दीवार लेखन

सुपोषित भारत

AN INITIATIVE BY
राष्ट्रीय सेवा भारती



**कार्यालय पता**
**राष्ट्रीय सेवा भारती**
BD-37, गली न.14, फैज़ रोड,
करोल बाग, नई दिल्ली -110005

वेबसाइट :www.rashtriyasewabharati.org
ईमेल : rashtriyasewa@gmail.com
फोन न. : 011-46523618,
मोबाइल न. 09868245005